## एक नजर में

### अग्रवाल समाज के 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का अमृत महोत्सव मनेगा



इन्दौर . अग्रवाल समाज की प्रतिष्ठित एवं अग्रणी संस्था श्री अग्रसेन महासभा ने अब एक और अनूठे आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर अग्रवाल समाज के 81 वरिष्ठजनों का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा . संस्था के साथ उनके अपने परिजन भी उन्हें सम्मानित करेंगे. 15 और 16 जून को सौलारिस-शुभ कारज गार्डन पर यह आयोजन होगा . महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल, सचिव अनूप सिंघल, स्वागताध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं प्रमुख परामर्शदाता प्रेमचंद गोयल ने बताया कि महासभा के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य मोहनलाल बंसल अपने जीवन के 81 बसंत पूर्ण कर 16 जून को 82 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं . इस उत्पक्ष्य में महासभा द्वारा देशभर के 81 वरिष्ठजनों को इंदौर आमंत्रित कर अ. भा . स्तर पर उनका अमृत महोत्सव मनाने की योजना बनाई गई है . महासभा की बैठक में इस आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया . योजन के परामर्शदाता विष्णु बिंदल, जगदीश बाबाश्री, प्रमुख संयोजक अरुण आष्टावाला एवं संयोजक अरुण जैन ने बताया कि इस आयोजन का एक प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि परिवार के दूसरी और तीसरी पीढ़ी के बच्चे और युवा अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव बनाए रखें .

### अन्नपूर्णा मंदिर पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



इंदौर I अन्नपूर्णा आश्रम ट्रस्ट एवं अन्नपूर्णा मंदिर भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास एवं परमा एकादशी के उपलक्ष्य में चल रहे 108 भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में गुरुवार को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा I आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज के सानिध्य एवं अचरी पं . कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में चल रहे इस आयोजन में गुरुवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आकर भागवत पारायण कर रहे विद्वानों का सवागत कर भागवतजी का पूजन किया/ मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरी एवं आश्रम के ट्रस्टी श्याम सिंघल ने बताया कि इस अवसर पर आश्रम की गौशाला में गोवंश के लिए भी अनेक तरह के व्यंजन, फल, सब्जी एवं अन्य भोजन परोसे गए .

### अग्रवाल परिषद के निवृत्तमान अध्यक्ष खजांची का सम्मान



इंदौर . अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद के वर्ष 2025-26 के संचालक मंडल द्वारा परिषद के निवृतमान अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी मनीष-किरण खजांची का सम्मान किया गया . उन्होंने इस अवसर पर सेवायज्ञ निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया . इस अवसर पर परिषद से जुड़े अनिल गोयल, दिलीप अग्रवाल, शिव जिंदल, राजेश नागोरी, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनीष भाया, विशाल बद्रूका, हुकम अग्रवाल, महेश चौधरी एवं अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधु सपत्निक उपस्थित थे . जिन्होंने खजांची के कार्यकाल में हुए सेवा कार्यों की खुलेमन से सराहना की I सम्मान के प्रत्युत्तर में खजांची ने कहा कि वे समाजसेवा और समाज कल्याण के क्षेत्र में अपने पिताश्री कल्याणमल खजांची की प्रेरणा से आए हैं .

### रणछोड़जी-लक्ष्मीजी की 1008 नाम से पुष्पार्चना


इंदौर . प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास की परमा एकादशी के शुभ संयोग पर भगवान रणछोड़जी एवं लक्ष्मीजी की 1008 नाम से पुष्प अर्चना की गई .



सुबह से शाम तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हंसपीठाधीश्वर श्री महंत रामचरणदास महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे 108 श्रीमद भागवत एवं रामायण पारायण के अनुष्ठान में संध्या को नौका विहार का जीवंत उत्सव भी मनाया गया जिसमें रणछोड़जी एवं लक्ष्मीजी की नौका में स्वयं हनुमानजी सारथी बनकर शामिल हुए . उत्सव में मठ में स्थापित अन्य देवी-देवताओं को भी विराजित कर नौका विहार कराया गया . मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, पार्षद संध्या यादव, गोविन्द पंवार, जयदीप जैन, राजेश शर्मा, अनिकेत पाठक, तनय शर्मा, आदित्य गोस्वामी एवं रामकुमार शर्मा सहित अनेक विशिष्टजनों ने मन्दिर आकर भागवत पारायण कर रहे विद्वानों का सम्मान एवं पूजन किया .

### तुकोगंज जैन समाज प्रणम्य सागर को श्रीफल भेंट करेगा

इंदौर . आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य और अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर महाराज वर्तमान में मंदसौर में विराजमान है . मुनि श्री का आगामी चातुर्मास दिगंबर जैन समवशरण मंदिर साउथ तुकोगंज इंदौर में होने की संभावना है . प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि तुकोगंज दिगंबर जैन समाज पूरी तरह प्रयासरत है . इसी श्रृंखला में चातुर्मास की स्वीकृति हेतु 13 जून को गौरव अध्यक्ष हंसमुख गांधी एवं अध्यक्ष सुमत लुहाड़िया के नेतृत्व में तुकोगंज जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल मंदसौर जाकर श्रीफल भेंट करेगा . पूर्व अध्यक्ष मनोज बाकलीवाल और आजाद जैन, अजित जैन ने इसे समाज का परम सौभाग्य बताया . उन्होंने तुकोगंज जैन समाज के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में मंदसौर चलने का आह्वान किया है .



### कांटाफोड़ शिव मंदिर लगाएगा भक्तों के लिए लंगर

इंदौर . नौलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल में भक्तों के लिए लंगर की व्यवस्था करेगा . यह दूसरा मौका है जब इंदौर से जुड़े मंदिर-ट्रस्ट को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से लंगर लगाने की अनुमति प्राप्त हुई है . अब मंदिर की ओर से बालटाल में दो माह तक लंगर सेवा चलाई जाएगी जहाँ देश दुनिया से आने वाले भक्तों को यात्रा मार्ग पर इंदौर के उसल-पोहा, जलेबी, दाल-बाटी, चूरमा सहित मालवा के व्यंजन भी मिलेंगे . मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग और संयोजक बी .के . गोयल ने बताया कि मंदिर समिति बालटाल में अमरनाथ बर्फानी सेवा दल ( लुधियाना ) के साथ मिलकर लंगर सेवा का संयुक्त संचालन करेगी I पिछले 19 वर्षों से अब तक लंगर में मंदिर से जुड़े भक्त इंदौर से राशन भिजवाते थे I अब अमरनाथ यात्रा के दौरान 3 जुलाई से 28 अगस्त तक 57 दिनों के लिए लंगर सेवा की व्यवस्थाएं की जा रही हैं .



# एसी की आउटडोर यूनिट में हुआ ब्लास्ट

- शिवशक्ति नगर के बंगले में लगी आग
- गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बंगाली चौराहे के पास स्थित शिवशक्ति नगर में गुरुवार दोपहर एक बंगले में एसी की आउटडोर यूनिट में जोरदार ब्लास्ट के बाद आग लग गई. आग तेजी से फैलते हुए एक कमरे तक पहुंच गई, जिससे वहां रखा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया. गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए.**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर में अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद घर में धुआं भरने लगा. पहले इन्वर्टर में ब्लास्ट की आशंका के चलते मुख्य एमसीबी बंद की गई, लेकिन कुछ ही देर में स्पष्ट हुआ कि आग एसी की आउटडोर यूनिट से लगी है और तेजी से फैल रही है. स्थिति की गंभीरता समझते हुए घर में मौजूद प्रतिभा दुबे तुरंत दूसरी मंजिल पर पहुंचीं और अपनी बेटी को, जिसकी आंखों की रोशनी कमजोर है, सुरक्षित नीचे लेकर आईं. इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को भी बाहर निकाला लिया था.

घटना के समय घर में रितेश दुबे, प्रतिभा दुबे, सास मंजू दुबे, बेटा कुशाग्र और बेटी अलीशा मौजूद थे. आग की सूचना मिलते ही आसपास के रहवासी मौके पर पहुंचे और नगर निगम के टैंकर की मदद से प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाया गया. बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग को पूरी तरह बुझाया. वहीं मकान मालिक रितेश दुबे ने बताया कि आग में उनका लैपटॉप, पलंग सहित अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गया.

**किसी प्रकार की जनहानि नहीं**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर भेजा गया था और फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया था. उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और सभी लोग सुरक्षित हैं . फायर ब्रिग्रेड के तुकाराम मालवीय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसी की आउटडोर यूनिट में हुआ ब्लास्ट सामने आया है. मामले की विस्तृत जांच की जा रही है .

# विदेशी अतिथियों के सम्मान में सीएम ने दिया रात्रि भोज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गुरुवार को शामिल होने आए कृषि मंत्रियों एवं अन्य विदेशी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया. इस अवसर पर अतिथियों के स्वागत के साथ मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपरा और पर्यटन वैभव को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.**



सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियों ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कृषि मंत्री एदलसिंह कंसाना, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष की रीना सतीश मालवीय, विधायक मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, सावन सोनकर, प्रताप करोसिया, सुमित मिश्रा, श्रवण सिंह चावड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# लव जिहाद में फंसाने की साजिश का खुलासा

- पुलिस जांच में क्लीनचिट, अब ब्लैकमेल के आरोप लगाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में लव जिहाद के नाम पर फंसाने की कोशिश का मामला सामने आया है. पुलिस जांच में आरोप निराधार पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को क्लीनचिट दे दी गई है. अब उसने शिकायतकर्ताओं पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए हैं.**

दो युवकों द्वारा लव जिहाद की फंडिंग के आरोप लगाने पर फैसल काजूवाला उर्फ फैसल सुपेड़ीवाला के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी. जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपते हुए स्पष्ट किया कि कथित मामले के मुख्य आरोपी से फैसल का कोई संपर्क नहीं पाया गया. बताया गया कि दो युवकों ने बाणगंगा थाने में शिकायत करते हुए फैसल पर लव जिहाद में फंडिंग का आरोप लगाया था. जांच के दौरान पुलिस ने दोनों शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए, लेकिन वे अपने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेजी या भौतिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके. जांच में आरोप झूठे पाए जाने के बाद पुलिस ने फैसल को क्लीनचिट दे दी है. वहीं अब फैसल ने उसे झूठे मामले में फंसाने वालों पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है.

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 14 को

इंदौर. जिझौतिया ब्राह्मण समाज, इंदौर शाखा की मातृशक्ति द्वारा 14 जून को विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. महिला मंडल की अनिता जोशी एवं वैशाली तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समाज का पहला परिचय सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे एवं उनके परिवार आपसी परिचय के माध्यम से वैवाहिक संबंध स्थापित कर सकें. जिझौतिया ब्राह्मण समाज मध्य प्रदेश के इंदौर, धार, देवास, उज्जैन, सीहोर एवं भोपाल जिलों के लगभग 110 गांवों और शहरों में निवासरत है. समाज के इस आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों के परिवारों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा.

# इंदौर की अनादि तागड़े भारतीय अंडर-19 टीम में चयनित

- टी-20 और वनडे दोनों टीमों में मिली जगह
- शहर और प्रदेश के लिए गौरव का क्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने श्रीलंका अंडर-19 महिला टीम के भारत दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीमों का ऐलान कर दिया है. इस दौरे के लिए इंदौर की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर अनादि तागड़े को टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया है. उनका चयन शहर और मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात माना जा रहा है.



घोषित टी-20 टीम में भविका अहिरे (कप्तान एवं विकेटकीपर), इरा जाधव, तनिष्का शर्मा, ईश्वरी आवसरे, अवनी चावड़ा, निधि महतो, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कंडीकुप्पा, मैत्री मनियार, गौरी गोयल, जान्हवी वीरकर, अनादि तागड़े और के. दीक्षा (विकेटकीपर) को जगह मिली है. वहीं वनडे टीम में भविका अहिरे (कप्तान एवं विकेटकीपर), इरा जाधव, दीया यादव, ईश्वरी आवसरे, वी. प्रतिक्षा, निधि महतो, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कंडीकुप्पा, विधि परमार, गौरी गोयल, जान्हवी वीरकर, अनादि तागड़े और के. दीक्षा (विकेटकीपर) शामिल हैं.

**22 जून से शुरू होगा श्रीलंका दौरा**


अंडर-19 महिला टीम का यह श्रीलंका दौरा 22 जून से शुरू होगा . तीन टी-20 मुकाबले चेन्नई में जबकि तीन वनडे मैच पुडुचेरी में खेले जाएंगे . आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और अंडर-19 महिला विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से यह सीरीज़ अहम मानी जा रही है . अनादि तागड़े पिछले कुछ समय से आयु वर्ग क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं . उन्होंने मध्यप्रदेश अंडर-15 और अंडर-19 टीम की कप्तानी भी की है . भारत 'बी' अंडर-19 टीम से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में खेल चुकी हैं और पूर्व अंडर-19 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी भी रह चुकी हैं . हाल ही में उनका चयन बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंडर-19 एलीट कैंप में भी हुआ था, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया .

### भेरु सिंह चौहान को संगीत नाटक अकादमी सम्मान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. देश के प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों की घोषणा में इस बार मध्यप्रदेश के भेरु सिंह चौहान ( पद्मश्री ) का नाम प्रमुख रूप से शामिल हुआ है. उनके चयन से प्रदेश में खुशी का माहौल है. वर्ष 2024 और 2025 के लिए 7 हस्तियों को अकादमी फेलो और 108 कलाकारों को अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है.**


संगीत नाटक अकादमी के सचिव राजू दास ने बताया कि संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री भेरु सिंह चौहान ग्राम बजरंगपुरा महू को सम्मानित किया जाएगा. उनके चयन को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. अकादमी की सामान्य परिषद की बैठक 22 से 26 मार्च 2026 के बीच नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया. चयनित



कलाकार देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हैं और संगीत, नृत्य, नाटक, लोक एवं जनजातीय कला सहित विभिन्न विधाओं से जुड़े हैं. इसके अलावा 106 युवा कलाकारों को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए भी चयनित किया है. अकादमी फेलोशिप के तहत 3 लाख रुपए, अकादमी पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए और युवा पुरस्कार के लिए 25 हजार रुपए की राशि, ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम प्रदान किया जाएगा.

### यशवर्धन, मनल भारत की अंडर 19 टीम में

इंदौर. मध्य प्रदेश के तीन युवा खिलाड़ियों यशवर्धन सिंह चौहान, मनल चौहान, और अनादि तागड़े का चयन भारत की अंडर -19 टीमों में हुआ है. यशवर्धन को बहु दिवसीय और एक दिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है जो श्रीलंका के विरुद्ध खेलेगी. मनल चौहान बहु दिवसीय टीम में शामिल है. अनादि का चयन श्रीलंका के विरुद्ध घरु श्रृंखला के लिए एक दिवसीय और टी20 टीम में हुआ है. इन तीनों खिलाड़ियों का चयन मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए गौरव का विषय है.





# पंढरीनाथ में कलेक्शन एजेंट से 29 लाख की लूट, एक्टिवा सवार बदमाश फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. निहालपुरा क्षेत्र में गुरुवार रात कलेक्शन एजेंट मुकेश अग्रवाल से करीब 29 लाख रुपए की लूट हो गई. दो बदमाश एक्टिवा से आए और बैग छीनकर भाग निकले.**

पंढरीनाथ इलाके में गुरुवार रात हुई लूट की इस वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया. मुकेश अग्रवाल बर्तन व्यापारियों से कलेक्शन का काम करते हैं. रात में वह बर्तन बाजार और मोहनपुरा क्षेत्र से रकम इकट्ठा कर बैग में रखकर लौट रहे थे. निहालपुरा इलाके में एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका और धमकाकर बैग छीन लिया, बैग में 29 लाख रुपए की नकदी रखी थी. वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना के बाद मुकेश रात करीब 9 बजे पंढरीनाथ थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए जोन-4 के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई.

तीन थानों की पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. एसीपी विजय तिवारी ने बताया कि घटना रात करीब 8 से सवा 8 बजे के बीच की है. आरोपियों ने करीब 29 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया है. घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है.

# निगमायुक्त ने निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

- कार्य में तेजी लाने एवं सुरक्षा उपाय करने के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने गुरुवार को शहर में निर्माणधीन मास्टर प्लान की सड़कों का दौरा किया. इस दौरान आयुक्त ने जिंसी और चंद्रभागा सड़क का मौका मुआयना किया. मौका मुआयना के बाद आयुक्त ने जिंसी में सड़क से मलबा तुरंत उठाने और चंद्रभागा सड़क का काम धीमी गति से करने को लेकर निर्माण एजेंसी को फटकार लगाई.



निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज जिंसी चौराहा से लक्ष्मी प्रतिमा तक तथा मधुमिलन चौराहा से छावनी चौराहा तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क के कार्यों मौका स्थल पर निर्माण का जायजा लिया. आयुक्त ने जिंसी क्षेत्र के सड़क से मलबा उठाने एवं मौके पर सड़क निर्माण कार्य शुरु करने के आदेश दिए. वहीं चन्द्रभागा सड़क पर काम धीमी गति से होने पर एजेंसी को जमकर फटकार लगाई. साथ ही एजेंसी कार्य की गति बढ़ाने के लिए कहा है. आयुक्त ने मौके पर निर्माण स्थलों में सुरक्षा बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा साधन लगाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री नरेश जायसवाल संबंधित विभाग के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे.





### इंडोनेशिया में व्यवसाय की संभावनाओं की दी जानकारी

इंदौर. एआईएमपी कार्यालय पर गुरुवार को एम्बेसी ऑफ इंडोनेशिया इन नई दिल्ली के इरविन मुहम्मद अकबर ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रमुख उद्योगपति एवं बिजनेस प्रतिनिधियों से भेट की और दोनों देशो के मध्य व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करने संबंधित चर्चा की.

उद्योगपतियों को उन्होंने इंडोनेशिया में व्यवसाय की संभावनाएं, इंडोनेशिया की निवेश नीति, अर्थव्यवस्था, पर्यटन नीति आदि बातों को विस्तार से बताया. श्री इरविन ने अपने उद्बोधन में द्विपक्षिय व्यापार बढाने और प्रदेश के कृषि, फार्मा, कपडा और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश और संयुक्त उद्यमों की अपार संभावनाओं पर चर्चा की. अध्यक्ष योगेश मेहता ने श्री इरविन का स्वागत किया और आभार मानद सचिव तरूण व्यास ने माना. बैठक में सर्वश्री अनिल पालीवाल, सतीश मित्तल, सीएम जैन, कमलेश त्रिवेदी नितिन तेंदूलकर, नवीन धूत, मनीष चौधरी, आयटीएल इंडस्टीज से राजेन्द्र जैन एवं महेन्द्र जैन आदि अन्यउपस्थितथे.

**एक नजर में** | **आईएमए की डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप में सीखे एआई से कमाई के तरीके**

# पढ़ने-लिखने जितनी जरूरी हो गई है डिजिटल स्किल

इंदौर. कारोबार बढ़ाना हो, नौकरी पानी हो या घर बैठे कमाई करनी हो, डिजिटल मार्केटिंग सीखना सबके लिए ज़रूरी हो गया है. इसी सोच के साथ इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) ने जाल ऑडिटोरियम, साउथ तुकोगंज में तीन दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया. वर्कशॉप में अधिक विद्यार्थियों, व्यापारियों, उद्यमियों और नौकरीपेशा लोगों ने भाग लिया और डिजिटल मार्केटिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आधुनिक टूल्स की व्यावहारिक ट्रेनिंग ली.





वर्कशॉप के मुख्य प्रशिक्षक एवं डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ पवन त्रिपाठी ने तीनों दिन प्रतिभागियों को सरल भाषा और लाइव उदाहरणों के साथ प्रशिक्षण दिया. उन्होंने कहा आज डिजिटल स्किल उतनी ही ज़रूरी हो गई है जितना कभी पढ़ना-लिखना था. जो व्यापारी और युवा आज एआई और डिजिटल मार्केटिंग सीख लेंगे, आने वाले समय में वही आगे रहेंगे. अच्छी बात यह है कि इसे सीखने के लिए न बड़ी डिग्री चाहिए, न बड़ा शहर, सिर्फ सीखने की इच्छा चाहिए. तीन दिनों में प्रतिभागियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और यूट्यूब का सही इस्तेमाल, एआई से पोस्ट और रील्स बनाना, क्लाउड, चैटजीपीटी व गूगल जैमिनी जैसे एआई टूल्स से कंटेंट तैयार करना तथा फ्रीलांसिंग से घर बैठे कमाई के तरीके सीखे.

**प्रमाण पत्र वितरित किए**

वर्कशॉप में भाग लेने वालीं सुहानी जैन ने कहा ने कहा पहले मुझे लगता था कि ऑनलाइन प्रचार के लिए एजेंसी को पैसे देने पड़ते हैं I अब मैं अपना इंस्टाग्राम और विज्ञापन खुद चला सकती हूं. समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए .